53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.1°c अधिकतम 33.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:05, सूर्यास्त - 6:19 | वर्ष : 53/अंक : 259 शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

संघर्षों से टकराकर प्राप्त की गयी सफलता स्वाभिमान प्राप्त करती है, अभिमान नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सपा बेरोजगारी, संविधान, आरक्षण और किसानों के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी : अवधेश प्रसाद



गुण्डा गर्दी और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दे भी तो मुद्दे हैं...

# सुसाइड स्पॉट बनी मोती झील, रेडीमेड व्यापारी ने दी जान

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। अवसाद में आकर न जाने आदमी कब क्या कर बैठे कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में मोती झील पिछले तीन दिनों में आत्महत्या का स्पॉट बन चुकी है। दो दिन पहले ही एक महिला ने मोती झील में आत्महत्या कर ली थी और आज रेडीमेड व्यापारी ने अवसाद में आकर मोती झील में कूदकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दे डाला। लम्बे समय से साकेत कॉलोनी में रहने वाले विनोद बाठला का नंगली गार्मेंट्स के नाम से रेडीमेड कपड़ों का कारोबार है। बताया जाता है कि विनोद बाठला लम्बे समय से मानसिक अवसाद से गुजर रहे थे। बताया जाता है कि अवसाद के कारण ही उनके परिवार में भी तनाव का माहौल बना हुआ था। गुरूवार को विनोद बाठला घर से घूमने का नाम कहकर निकले, लगभग साढे आठ बजे मोती झील पर भीड़ का तांता जब लग गया तब झील में लोगों ने एक व्यक्ति की लाश को तैरते देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने वृद्ध की लाश को बाहर निकाला और शव की शिनाख्त कराई। शिनाख्त कराने पर ज्ञात हुआ कि उक्त व्यापारी झांसी की रानी पर रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करता है और साकेत कॉलोनी के निवासी हैं। सूचना पर पत्नी कंचन व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और परिवार में




हादसे से कोहराम मच गया। पत्नी का कहना है कि विनोद बाठला के ऊपर कर्ज था, जिस कारण वे तनाव में चल रहे थे और सुबह के समय व्यापारी की अपनी पत्नी से विवाद भी हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चर्चा यह भी है कि पारिवारिक कलह के कारण भी लम्बे समय से विनोद बाठला अवसाद में चल रहे थे और उनके पारिवारिक कलह को कोई खत्म नहीं करा पाया। गुरूवार को उन्होंने जिंदगी की परेशानियों से हार मानकर मौत को गले लगा लिया।






# नहीं माने जनाब, हटवाया गया ताहरी और कबाब!

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। नगर के मीनाक्षी चौक पर आज यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नॉनवेज की दुकानों पर हुई कार्रवाई से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान बुलेटिन के कैमरों में कई अजब-गजब तस्वीरें कैद हुई, जिनमें कही पेड़ पर चढ़कर दुकानदार अपना बोर्ड खोलता हुआ दिखा तो कही ऑटो पार्ट्स पेड़ पर ऊपर लटके और नीचे बकरे चारा खाते

## मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान से मची भगदड़

दिखे, चालान से बचने के लिए रेहड़ी, बाइकें और दुकानों के बाहर रखे जाने वाली बैंच कुर्सी को स्कूल प्रांगण में ताला लगाकर बंद कर रखा गया। ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवाया, जिससे दुकानदार और ग्राहक दोनों सकते में आ गए। इस अभियान के दौरान पुलिस ने किसी भी दुकानदार पर जुर्माना नहीं लगाया, लेकिन कड़ी चेतावनी दी। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि अगर अगली बार अतिक्रमण मिला, तो न केवल सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इस चेतावनी के बाद कई दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान सड़क से हटा लिया।










## 10 दिनों से जारी है यातायात में सुधार की कोशिश, अतिक्रमण पर भी कार्रवाई जारी

मुजफ्फरनगर। यह अभियान मीनाक्षी चौक पर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चलाया गया था। अतिक्रमण के कारण अक्सर इस व्यस्त चौराहे पर जाम लग जाता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी होती है। पुलिस का कहना है कि वे शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान जारी रखेंगे।




## खुली-खुली सड़कें, सकून में दुकानदार, आने लगे जनता के रुझान

मुजफ्फरनगर। कुछ लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि यह शहर के लिए अतिक्रमण अभियान बहुत जरूरी है। इस अभियान में शहर के अन्य हिस्सों में भी चलाया जाए, जहाँ अतिक्रमण से यातायात बाधित होता है। पुलिस ने सभी दुकानदारों से अपील भी की है कि वे नियमों का पालन करें और सड़क पर अतिक्रमण न करें।

# बढ़ने लगी पारिवारिक कलह, संयम की परीक्षा देते-देते पांच ने खाया जहर, एक की मौत

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। जैसे-जैसे युग आधुनिक हो रहा है, वैसे-वैसे अपने अधिकार जताने के चक्कर में लोग अपनी जान तक देने लगे हैं। जान देने के उद्देश्य से चलते गुरूवार को 5 मामले सामने आए, जिनमें से जहरीले पदार्थ के सेवन से 1 की जान चली गई, जबकि 1 ने फांसी लगाने का प्रयास किया, तो 3 लोगों ने जहर खाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। ऐसे में महिलाएं ज्यादा उत्पीड़न में दिख रही हैं, क्योंकि 5 में से 3 महिलायें थी और 2 पुरुष। हकीकत तो यह है कि कुछ मामलों में तो ससुराल वाले मानसिक रूप से घेरकर विवाहिताओं का उत्पीड़न करने लगे हैं। कुछ मामलों में पत्नी से पुरूष तंग आकर या कर्ज के दबाव में ऐसा करने लगे हैं। ऐसे में आधुनिकता के नाम पर जीवन शैली बदलती दिखाई पड़ रही हैं। धीरे-धीरे हम संस्कारविहीन हो रहे हैं, कहीं हम अपने हक बढ़ा-चढ़ाकर मांगने लगे हैं। एक समय था, जब महिलाएं संयम में रहकर ससुराल पहुंचने के बाद दो तीन साल तक अपने ससुराल के माहौल को समझती थी और सास ननंद और पति का भी दिया हुआ मानसिक उत्पीड़न यह सोचकर बर्दाशत कर लेती थी कि माता- पिता ने समझाया था कि ससुराल ही तुम्हारा आखिरी घर है। धीरे-धीरे युग बदला तो महिलाओं ने ससुराल में अपने हक बताने शुरू कर दिये। यहीं से हालात खराब होते चले गये। आज 7 जन्मों के रिश्ते 7 मिनट 7 महीने 7 साल में टूटने लगे हैं। महिला हो या पुरुष, संयम और त्याग की परीक्षा कोई देने को तैयार नहीं है। चट झगड़ा और फट तलाक देने लगे हैं। इसमें सिर्फ महिलाएं ही शामिल नहीं है। निकम्मे पुरुष भी अब महिलाओं को इस लालच में प्रताड़ित करते हैं कि घर से दहेज ले आओ। इस कारण भी महिलायें जहर खाने तक को मजबूर हो रही हैं, क्योंकि कुछ नशेड़ी पुरुषों को औरत के घर की कमाई खाने की आदत ही पड़ गई है और मजबूर होकर कई औरतें तो खुद नौकरी करती हैं और पुरुष घर बैठे-बैठे रोटियां तोड़ते हैं। पुरुष हो या महिला दोनों ओर से अपनी-अपनी आदतों में सुधार ना हुआ तो वह दिन दूर नहीं कि पुरुष और महिलायें रिश्ते ताक पर रखकर रात को फेरे लेंगे और सुबह को तलाक और अपने अधिकारों की लड़ाई जीतने के चक्कर में जिंदगी से हार जायेंगे। अब ऐसे में सब कुछ आपके हाथ में है या तो थोड़ा सा संयम से परिवार के बीच रहें या फिर इसी तरह लड़-झगड़कर अपनी जीवन लीलाएं समाप्त करने का प्रयास करें। दोनों रास्ते आपके हाथ में हैं, जिसे चाहें उसे चुनें। हमारा कहना तो यही है कि यह जीवन मनुष्य के रूप में दोबारा मिलता नहीं है। इसे संयम, सहजता और सूझबूझ से गुजारें तो धीरे-धीरे पटरी पर चलकर अपने सही स्टेशन तक जीवन की ट्रेन पहुंच ही जाएगी।

## 4 ने की आत्महत्या की कोशिश एक की मौत

मुजफ्फरनगर। जनपद में विभिन्न पुलिस स्टेशनों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में पुलिस थाना खालापार के अधीन आने वाले मिनाक्षी चौक की बुशरा पुत्री नूरमहल ने घर पर रखा विषैला पदार्थ पी लिया, जिसके कारण उसकी स्थिति बिगड़ गई। परिवारजन उसे अस्पताल ले गये, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त नई पुलिस चौकी के अन्तर्गत आने वाले लद्दावाला की फरदाना ने घर में रखी दवाई लक्ष्मण रेखा का सेवन कर लिया, इसकी भी स्थिति स्थिर है। वहीं गांव हरिपुरम थाना नई मंडी के तुषार पुत्र योगेश ने घर पर ही किसी अज्ञात मामले में घर पर जहर का सेवन कर लिया, जिससे तुषार की मौत हो गई। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है। इसके अलावा गांव रई, थाना छपार के निवासी विशाल पुत्र विनोद ने भी जहर खाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अभी उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। वहीं एक अन्य मामले छोटी पत्नि विजय निवासी शामली बस स्टैंड के पास ने घर पर फांसी लगा ली, जिसको अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है।

# अग्निवीर भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**मेरठ, 18 सितम्बर (एजेंसी)। मेरठ एसटीएफ यूनिट ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को मेडिकल में पास कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूलते थे। गुरुवार देर रात एसटीएफ ने मेरठ मिलिट्री हॉस्पिटल के पास से इन दोनों को दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी नरेश पुत्र जिले सिंह और सचिन पुत्र सुरेशपाल के रूप में हुई है। आरोपियों की पहचान नरेश, बिटावड़ा, थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, सचिन, कांकरा, थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। एसटीएफ की टीम इन आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके। इस कार्रवाई से भर्ती प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने में**

## दो फर्जी आर्मी रबर स्टाम्प बरामद

मेरठ। जिनमें दो फर्जी आर्मी रबर स्टाम्प, दो आर्मी एडमिट कार्ड, एक मार्कशीट, अभ्यर्थियों के विवरण से संबंधित दो हस्तलिखित पेपर, दो मोबाइल फोन, एक ऑल्टो कार और 4,000 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से अभ्यर्थियों को फर्जी तरीके से मेडिकल पास कराने का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। वे अभ्यर्थियों का विश्वास जीतने के लिए फर्जी दस्तावेज और आर्मी की स्टाम्प का इस्तेमाल करते थे। एसटीएफ ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। इस गिरफ्तारी से युवाओं को गुमराह करने वाले ऐसे नेटवर्क पर बड़ी चोट लगी है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को भर्ती परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने और अभ्यर्थियों को ठगी से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।





# रिटायर्ड इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर हड़पे 33 लाख

## विदेशों में बैठे ठगों को भेजते थे ठगी में सहयोग करने की मोटी रकम

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। लोक निर्माण विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर को डिजीटल अरेस्ट कर 33.33 लाख रुपए ठगने वाले दो साइबर ठगों को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गैंग का सरगना अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों से 15 मोबाइल, 39 सिमकार्ड, पास बुक व साढे 99 हजार रुपए बरामद किए है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, गैंग के तार कई राज्यों से जुड़े हैं। आरोपी ईडी, सीबीआई, आईपीएस व न्यायिक अधिकारियों के नामों का दुरुपयोग कर लोगों को अपना शिकार बनाते थे।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि छह सितम्बर को लोक निर्माण विभाग से रिटायर्ड इंजीनियर आरके सिंह को साइबर ठगों ने डिजीटल अरेस्ट कर 33.33 लाख रुपए ठग लिए थे। साइबर ठगों ने पहले ईडी का अधिकारी बनकर खाते के लेनदेन के नाम पर डराया। उसके बाद ईडी व सीबीआई को डराया था। उसके बाद आईपीएस व न्यायिक अधिकारी बनकर कॉल किया। दहशत में रिटायर्ड इंजीनियर ने साइबर ठगों से रकम ट्रांसफर कर दी। एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ गैग पर काम करते हुए साइबर ठग निखिल गोयल पुत्र नरेश गोयल निवासी आनन्द विहार, गंगानगर थाना

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर...

### व्हाट्सएप पर लगाते थे अधिकारियों की फोटो उसी से करते थे कॉल

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। आरोपियों से हुई पूछताछ में पुलिस के सामने इनके शातिराना तरीके भी सामने आएं। आरोपियों ने बताया कि वो अपने व्हाट्सएप और ट्रू कॉलर पर अधिकारियों की फोटो लगाकर नम्बरों से रिटायर्ड इंजीनियर को कॉल कर डराते थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि गैंग का सरगना राजू वर्तमान में ऋषिकेश में एक्टिव है। उसने छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, झारखण्ड, आदि राज्यों से बैंक खाते, पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, सिमकार्ड, से सीधे-सांधे लोगों को लालच देकर विदेशों में ठगी के चक्रव्यूह में फंसाकर पैसे डलवाया करते थे, जिन्हें हम लोग एटीएम, चेक, आदि के माध्यम से कैश के रुप में निकाल लेते थे और अपना अपना पैसा निकालकर राजू निखिल और हरप्रीत विदेश में बैठे अपने साथियों को भेज देते थे।

### ठगी की रकम लेने गए थे आरोपी ऐसे पकड़े गए

मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)। साइबर ठगी करने वाले गैंग को पकड़ने के वैसे तो पुलिस को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन आखिरकार सफलता तब मिली जब डेढ़ सौ, दो सौ सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। उसके बाद कैमरों की जांच करते हुए टीम उत्तराखंड के ऋषिकेश तक पहुंची, जहां एक एटीएम बूथ से साइबर ठगों ने रकम निकाली थी। यहां का सीसीटीवी कैमरे चैक करने के पश्चात साइबर क्राइम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। एसएसपी ने गिरोह को पकड़ने वाली टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, (दिल्ली) के श्रेष्ठ रीढ़ की हड्डी के रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर, मुजफ्फरनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. संयम जैन
कंसलटेंट - स्पाइन सर्जरी
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज

शनिवार, 20 सितम्बर, 2025 । दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक

एसकेबी आरोग्यम मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

समस्याएँ: कमर दर्द, स्लिप डिस्क से किसी नस पर दबाव, पैरों में दर्द, चलने में दिक्कत या सुनपन रीढ की हड्डी का फ्रेक्चर, रीढ की हड्डी का कुबड़ होना, सवाईकल की दिक्कत, गर्दन में दर्द इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91-82181 49646

www.maxhealthcare.in

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333

# शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

## - जनपद में सबसे ऐतिहासिक हैं शाहपुर की रामलीला : उमेश मलिक - रामायण का नायक, खलनायक दोनों शिक्षा देते हैं : श्यामपाल भाई जी

**शाहपुर, 18 सितम्बर (बु.)।** शाहपुर में गुरुवार की रात्रि एक पखवाड़े तक चलने वाले श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर भगवान राम की लीला के मंचन के पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत अनेक गणमान्य साक्षी बने। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित राम रसिक बंधुओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रामायण विश्व का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसका नायक और खलनायक दोनो शिक्षा देते हैं। नौ लाख वर्षों बाद भी इस अमृतकथा को न तो सुनने वाले थके और न ही इसके सुनाने वाले थके हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शाहपुर का रामलीला महोत्सव जनपद में सबसे ऐतिहासिक है। उन्होंने कमेटी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, विश्व दीप गोयल बिट्टू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। श्री रामलीला महोत्सव उद्घाटन अवसर पर वृंदावन धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली द्वारा नारद मोह की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। नगर के मेन बाजार स्थित श्रीराम लीला मैदान में बुधवार रात्रि श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का विधिवत उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी लाला अशोक अग्रवाल ने फीता काटकर किया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महा आरती एवं पूजन में भाजपा नेता उमेश मित्तल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी, सभासद मनोज सैनी, समाजसेवी अरविंद पाल, सपा नेता श्यामलाल बच्ची सैनी, राजकुमार गर्ग मनीष सिंघल, सचिन सिंघल लक्ष्य टाइल्स, विश्व दीप गोयल बिट्टू, ललित जैन अतुल सिंघल बंटी, सभासद विशाल











गर्ग, पवन गोयल, मणिकांत मित्तल, विनीत मित्तल, प्रवीण गोयल, पंडित विजयपाल शर्मा, डॉ. अनुज अग्रवाल, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, चौधरी चंद्रवीर सिंह, डॉ. लोकेंद्र बालियान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि रामायण विश्व का इकलौता ऐसा ग्रंथ है, जिसका नायक भी हमें शिक्षा देता है और खलनायक दोनों शिक्षा देते है। नौ लाख वर्षों बाद भी इस अमृत कथा को न तो सुनने वाले थके हैं और न ही इसके सुनाने वाले थके हैं। उन्होंने रामायण के कई प्रसंगों को उदाहरण देकर समझाते हुए कहा कि रामायण हमें सिखाती है, भाई हो तो कैसा हो, मित्र को तो कैसा हो, शत्रु हो तो कैसा हो। उन्होंने कहा कि जिस समय पंचवटी में रावण भिक्षुक का भेष बनाकर भिक्षा मांगने आया तथा लक्ष्मण रेखा देख उसने बंधी हुई भिक्षा लेने से इन्कार कर दिया, तो सनातन परंपराओं को जीवित रखते हुए माता सीता ने कहा था "देवर की आन रहे ना रहे, रखूंगी धर्म गृहस्थी का और द्वारे से याचक खाली जाए यह करम नहीं वानप्रस्थी का, और इतिहास की अनुपम घटना है और रामायण एक उदाहरण है, सीता हरण के होने में बस एक दान ही कारण है।" उन्होंने कहा कि जब रावण माता सीता का हरण करके पुष्पक विमान से आकाश मार्ग से ले जा रहा था, तो किष्किंधा पर्वत पर माता सीता ने अपने आभूषण फैंके थे। सुग्रीव मित्रता के दौरान जब भगवान राम ने लक्ष्मण जी को माता सीता के कुंडल दिखाये, तो लक्ष्मण जी बोले "मैंने तो चरण निहारे हैं, देखें माता के कान नहीं ,मैं तो बिछूऔ का सेवक हूं, कुंडल कि मुझे पहचान नहीं।" लक्ष्मण मूर्छा के प्रसंग का उदाहरण देते हुए भाई जी ने समझाया कि भगवान को मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहा गया है। लक्ष्मण जी को शक्ति लगी थी, हनुमान जी विभीषण के कहने पर लंका से सुषैन वैध को उठा लाए। सुषैन वैध ने भगवान की परीक्षा लेनी चाही, किंतु कठिन समय में भी उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा। सुषैन वैद्य बोले" मैं वैध हूं रावण के घर का किस तरह आपका काम करूं; अनुचित होगा यदि मैं बैरी को' दशकंधर के आराम करू, जब धर्म अधर्म का प्रश्न हुआ तो कर्मशील क्या करम करें ? हे राम आज्ञा देते हो, या वैधराज अधर्म करे" इस पर भगवान राम ने कहा था "जिस धर्म पर घरबार छुटा, पिता हमारे का मरण हुआ, जिस धर्म पर भरत सा भाई बिछुड़ा, सीता प्यारी का हरण हुआ, उस धर्म पर लक्ष्मण भी जाए तो जाए आवाज यही होगी अपनी के धर्म नहीं जाने पाए" इससे पूर्व श्री आदर्श रामलीला महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर आये अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वृन्दावन धाम से आई प्रसिद्ध कला मंडली द्वारा प्रथम दिन नारद मोह की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रुप आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, उपाध्यक्ष अरुण मित्तल, भंवर पाल कश्यप अनिल बंसल आढती ब्रज मोहन कोरी, विनय नामदेव,मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल, विशाल कर्णवाल, पवन सक्सेना, सुदेश अग्रवाल आदि के साथ साथ अनिल गोयल, प्रमोद गर्ग, दिनेश पाल नंदा, डॉ. अनुज अग्रवाल, शिवम सिंघल, नीरज कर्णवाल गोल्डी अक्षय गोयल अंकित सिंघल आदि समस्त कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-08502, जारी करने की तिथि 20.07.2010 में उसकी जन्मतिथि 12.09.2009 दर्ज है, जबकि उसके आधार कार्ड 574903520119 में त्रुटिवश जन्मतिथि 12.09.2011 दर्ज हो गयी थी। अब संशोधन के साथ सही जन्मतिथि 12.09.2009 है, जिसे कम्प्यूटरीकृत जन्म प्रमाण-पत्र जारी करके उपरोक्त अनुसार संशोधित करा लिया गया है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में उसकी वास्तविक जन्मतिथि 12.09.2009 दर्ज की जाये।

गुलशन जहरा (Gulshan Jahra) W/o अली रजा आरफी (Ali Raza Arfi) म.न. 1 एच, प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर


## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 113100 | चांदी- | 129350 |
| सिक्का- | 1500 | गिन्नी- | 84070 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आ्थक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आ्थक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धा्मक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## गोल्डन पब्लिक स्कूल में बीआईएस क्लब द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में लेखन कौशल का विकास करना तथा मानकों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, ज्ञान तथा विचारों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। छात्रों ने मानकों की उपयोगिता, उनके दैनिक जीवन में महत्व राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने बीआईएस अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को न केवल प्रोत्साहित करती है बल्कि उनमें अनुशासन, गुणवत्ता और जागरूकता की भावना को भी विकसित करती हैं।

## मुजफ्फरनगर में रेड रन मैराथन का आयोजन, एचआईवी एड्स के प्रति जन-जागरूकता का संदेश



**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बुस.)।** जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में युवा उत्सव एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत रेड रन मैराथन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके प्रति सजग बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रतिनिधि विशाल गर्ग भाजपा नेता, कमलकांत शर्मा तथा जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन तीन श्रेणियों में किया गया, जिसमें प्रथम श्रेणी में पुरुष वर्ग, दूसरे श्रेणी में महिला वर्ग तथा तीसरी श्रेणी में ट्रांसजेंडर वर्ग ने मैराथन दौड़ में प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आकाश, द्वितीय स्थान पारुल और तृतीय स्थान शुभम ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान अर्पिता, द्वितीय स्थान निशा तथा तृतीय स्थान स्वाति को मिला। ट्रांसजेंडर वर्ग में प्रथम स्थान शिल्पी, द्वितीय स्थान आशीष तथा तृतीय स्थान सिम्मी को मिला। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को रूपये 1500, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को रूपये 1200 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को रूपये 1000 प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किए गए इसके साथ ही समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है जागरूकता। समाज के हर वर्ग को इसके बारे में सही जानकारी होनी चाहिए और भ्रांतियों को दूर करना समय की मांग है। रेड रन मैराथन जैसे आयोजन न केवल युवाओं को प्रेरित करते हैं बल्कि समाज में स्वस्थ और जागरूक वातावरण का निर्माण करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। मैराथन रेस को सफल बनाने में पूनम बिश्नोई उप जिला क्रीड़ा अधिकारी, खतौली ब्लॉक के प्रभारी डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. गीतांजलि वर्मा जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डॉ. मजहरुद्दीन रहमान, संजीव लंबा, मनोज त्यागी, सहबान, संजीव शर्मा, विपिन शर्मा दिशा संस्था से ममता, ज्योत्सना सहित स्टेडियम के समस्त कोचों का विशेष योगदान रहा।

## छात्राओं से भरी ई-रिक्शा पलटी, कई चोटिल



**बुढ़ाना, 18 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे का कांधला रोड काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर पुरानी सब्जी मंडी के समीप सड़क में कई कई फीट गहरे गड्ढे हैं, जिसमें कई महीनों से बरसात और नालों का पानी भरा है, जिसके चलते इस सड़क ने तालाब का रुप ले लिया है। बृहस्पतिवार की सुबह इसी रोड पर कुछ ही दूरी पर स्थित एक शिक्षण संस्था में पढ़ने वाले आधा दर्जन बच्चों से भरी ई-रिक्शा पलट गयी। बच्चे स्कूल जा रहे थे। सभी बच्चे गंदे पानी में गिर गये। उनकी यूनिफार्म, बस्ता, कापी, किताब व अन्य सामान भीगकर बेकार हो गया। सब मासूम बच्चों को आते-जाते लोगों ने गंदे पानी से निकाला और सबको उनके घरों भिजवाया, जिसे लेकर लोगों में रोष फैल गया। भाजपा नेता हिमांशु संगल ने भी इस दृश्य को अपनी आंखों से देखते हुए फोटो खींच लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर क्षतिग्रस्त मार्ग को आजकल में ही ठीक नहीं किया गया, तो वे 22 सितम्बर को धरना देंगे। इसकी भनक जब पूर्व विधायक उमेश मलिक को लगी, तो उन्होंने फोन पर संबंधित अधिकारियों को हड़काते हुए कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गये, तो यहां से तुमको बोरियां बिस्तर बांधना पड़ेगा, तब विभाग के अधिकारी इस चेतावनी को सुनकर हरकत में आए और उन्होंने कुछ ही घंटों में क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक करने के लिए पानी निकालने वाली मशीन व सामग्री भेजकर उक्त मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

## नगर पंचायत में अंगीकार 2025 व पीएम स्वनिधि में लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन

**चरथावल, 18 सितम्बर (बु.)।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2 की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष पर नगर पंचायत सभागार में अंगीकार 2025 व पीएम स्वनिधि में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को चयनित कर सरकार द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं का लाभ दिलाना है। चरथावल नगर पंचायत सभागार में आयोजित लोक कल्याण मेले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ लिपिक महेश प्रसाद ने बताया कि शासन के आदेश पर ईओ राजीव कुमार के निर्देशन में लोगों को सरकार द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। योजनाओं की जन जागरूकता बढ़ाने के लिये नगर पंचायत में एक हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है। यह मेला 17 सितंबर से 2अक्टूबर तक चलेगा। जिला नगरीय अभिकरण मैनेजर सागर कुमार ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का चयन कर पीएम आवास योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं से लाभान्वित करना है। मेले में सुनील कश्यप, प्रदीप कुमार आदि का सहयोग रहा।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर उखाड़े

### - मीटर लगा रही टीम को बनाया घंटों तक बंधक



**बुढ़ाना, 18 दिसम्बर (बु.)।** ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पट्टी लुहसाना रोड पर आज बृहस्पतिवार को दोपहर के समय स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आई विद्युत टीम को फिर से बैरंग लौटना पड़ा, लेकिन इससे पूर्व ही टीम को भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान व भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के संयुक्त नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने दौड़ा कर बंधक बना लिया और उनके द्वारा घरों में लगाए गये 5 स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर जब्त करते हुए टीम को चेतावनी देकर छोड़ दिया। आज स्मार्ट मीटर टीम के इंचार्ज मौसम अली सफीपुरपट्टी में स्मार्ट मीटर लगवाने प्राइवेट कर्मचारी कुलदीप, सचिन, राहुल व सन्नी को लेकर पहुंचे, तो उन्होंने विद्युत उपभोक्ता सलीम, शौकीन व गुलफाम पुत्रगण नसीबुद्दीन अंसारी, इसरार अंसारी व एक अन्य उपभोक्ता के घर के बाहर पहले से लगे पुराने मीटर उखाड़कर अपने साथ लाए स्मार्ट मीटर लगाने शुरू कर दिये, तो ग्रामीणों में रोष फैल गया और उन्होंने टीम की इस तरह से की जा रही कार्यवाही को गलत बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया, लेकिन टीम के लोग अपने काम में व्यस्त रहे, तब इसकी सूचना विकास त्यागी व इसरार अहमद को मिली, तो वे लविश जांगिड आदि कार्यकर्ताओं को लेकर मौके पर पहुंचे और पांचों घरों के बाहर लगे स्मार्ट मीटर उखाड़कर सब मीटर जब्त कर टीम को बंधक बना लिया। काफी देर बाद टीम को चेतावनी देकर छोड़ा गया। भाकियू नेता इसरार ने चेतावनी दी कि किसी भी सूरत में मीटर लगने नहीं देंगे।




## भक्त का मान रखने के लिए भगवान अपना विधान तक बदल डालते हैं

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बुस.)।** धर्मयात्रा महासंघ संकीर्तन मंडल, विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में एटूजेड चौराहे पर स्थित बंधन पैलेस मे चल रही श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस की पावन बेला में कथा व्यास पूज्य अभिषेक भाई ने सभी भक्तों को श्रीकृष्ण स्वरूपा मंगलमई श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा भक्त का मान रखने के लिए भगवान अपना विधान तक बदल डालते हैं। कथा का शुभारंभ श्री कृष्ण जन्म नंदोत्सव के साथ हुआ। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि भगवान ने किस प्रकार कंस आदि दुष्टों का अंत कर इस धरा को पापियों से मुक्त कराया। विराम के क्षणों मे श्री गोवर्धन लीला के भावपूर्ण वर्णन के साथ ही सभी भक्तों की और से ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। आज की कथा में मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ धर्मपत्नी पूजा दुआ ने व्यासपीठ का पूजन कर महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आज के इस पावन अवसर पर शुकतीर्थ से गौडिय मठ से पधारे महाराज जी के आशीर्वाद के साथ ही श्री राधा नवरंगी लाल, देवबंद से पधारे राधाबल्लभाचार्य श्री हित गोस्वामी, नवनीत लाल, शशि जी महाराज का राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत संदेश एवं आशीर्वाद भी सभी भक्तों को प्राप्त हुआ। मुख्य यजमान सुमन सिंघल, राजेश सिंघल के साथ सहयोगी यजमान श्रीमती एवं श्री अशोक तायल, श्रीमती एवं श्री राम कुमार शर्मा, श्रीमती एवं श्री शिशुकांत गर्ग रहे। कथा को सफल बनाने में नरेश गोयल, पी.डी. गौतम, प्रमोद अग्रवाल, ओमबीर सिंह, संजय गुप्ता, सतीश कौशिक, हरि वर्मा, गोपीनाथ, रश्मि अग्रवाल, अर्चना शर्मा आदि का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## नगर मजिस्ट्रेट के प्रयास से 6 दिन से जारी भूख हड़ताल समाप्त



**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** सरकुलर रोड पर पर्यावरण को क्षति पहुंचाते हुए लगाए गए होर्डिंग प्रकरण में पालिका द्वारा संबंधित विज्ञापन एजेंसियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न किए जाने से खफा पर्यावरण प्रेमी एवं जिले में कुश्ती कोच रहे जितेन्द्र सिंह की गुरूवार देर सायं बीते 6 दिनों से जारी भूख हड़ताल नगर मजिस्ट्रेट के आश्वासन के बाद समाप्त हो गई। भूख हड़ताल से पालिका प्रशासन में हड़कम्प के बीच पालिका के कर विभाग की टीम द्वारा इस बीच कार्रवाई करते हुए कई होर्डिंग को हटवाए जाने के साथ 12 होर्डिंग हटाने की तैयारी की जा चुकी है। पर्यावरण प्रेमी एवं तत्कालीन कुश्ती कोच रहे जितेन्द्र सिंह ने महावीर चौक से सरकुलर रोड पर सुजडू चुंगी तक पेड़ों को काटे जाने अथवा नुकसान किए जाने की डीएम उमेश मिश्रा से पूर्व में शिकायत की थी। उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सामाजिक समिति बनाकर इस रोड पर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उनका आरोप है कि सड़क के दोनों ओर हर वर्ष पेड़-पौधे लगाए जाते हैं, जिन्हें कुछ विज्ञापन एजेंसियों के द्वारा होर्डिंग लगाने को लेकर इस बीच पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। डीएम उमेश मिश्रा ने इस मामले में ईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस बीच पालिका स्तर से कोई कार्रवाई न होने पर जितेन्द्र कुमार ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। उनके भूख हड़ताल पर बैठने से पालिका ने इन होर्डिंग पर कार्रवाई शुरू कर दी। इस बीच कई होर्डिंग हटाने के साथ अन्य को हटाने की इस बीच तैयारी जा रही है। गुरूवार को इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सिविल लाइन थाना प्रभारी सरकुलर रोड स्थित धरना स्थल पर पहुंचे और कुश्ती कोच रहे जितेन्द्र कुमार को भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किय। साथ ही आश्वस्त किया कि क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में हरसंभव मदद दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद भूख हड़ताल समाप्त किए जाने का ऐलान करते हुए धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान सुमित मलिक पिनना समेत समिति से जुड़े अन्य सदस्य एवं समर्थक मौजूद रहे।

## वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बुस.)।** वैश्य सभा जनपद मुजफरनगर का शपथ ग्रहण समारोह दोपहर सनातन धर्म सभा में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मीनाश्री स्वरूप (चेयरमैन नगर पालिका परिषद), गौरव स्वरूप बंसल, अशोक कंसल पूर्व विधायक, संजय मित्तल, अध्यक्ष संयुक्त वैश्य सभा, सत्यप्रकाश मित्तल अध्यक्ष अग्रसैन भवन, कृष्ण गोपाल मित्तल सभा के निवर्तमान अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील तायल, महामंत्री विश्वदीप गोयल बिट्टू, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गोयल, उपाध्यक्ष अमित गर्ग एडवोकेट, अचिन कंसल ने शपथ ग्रहण की। चुनाव अधिकारी योगेश सिंघल भगत द्वारा शपथ ग्रहण करायी गयी। सभा के सभी 17 पदाधिकारियों व 34 सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। अध्यक्षता प्रमोद मित्तल, व संचालन विश्वदीप गोगल बिट्टू ने किया। पूर्व विधायक अशोक कंसल ने बताया कि समाज का पिछड़ा वर्ग जो आर्थिक रूप से कमजोर है, उसको साथ लेने की आवश्यकता है और उसका हर तरीके से सहयोग किया जाये। संजय मित्तल ने कहा कि समाज में तेहरवी की रस्म में जो भोजन की प्रथा अत्यधिक चल गयी है, उस पर ब्रेक लगना चाहिए। उसमें भोजन केवल ब्राह्मणों व बाहर से आने वाले रिश्तेदारों का ही होना चाहिए। एक आम आदमी को रस्म पगड़ी में जाकर भोजन नहीं करना चाहिए। सभा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि मैं नई कमेटी का पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करूंगा। समाज के अशिक्षित बच्चों पर ध्यान देना चाहिए, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के पढ़ाई पर, दाखिले पर पूरा ध्यान संस्था का होना चाहिए। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद मित्तल ने कहा कि मैं सभी 51 सदस्यों के सहयोग से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलूंगा। समाज के सम्मान को कहीं भी ठेस नहीं लगने दिया जायेगा। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को व गरीब कन्याओं की शादी में विशेष तौर से ध्यान दिया जायेगा। शपथ लेने वाले में शुकदेव मित्तल एडवोकेट, संजय गुप्ता, वैभव मित्तल, तरुण मित्तल, सौरभ मित्तल, नीरज बंसल, विपिन गोयल छपार, शिव कुमार संगल, रजत गोयल, अजय गर्ग, मित्तर सैन अग्रवाल ने पदाधिकारी के रूप में शपथ ली। यह सभी 34 सदस्यों को शपथ दिलाई गयी, जिनमें संजय मित्तल, सत्य प्रकाश मित्तल, दिनेश बंसल, अनिल तोयल, पवन बंसल, भूपेन्द्र गोयल, श्रीमोहन तायल, सुनील सिंघल, विपिन संगल, रेणू गर्ग, सभासद योगेश मित्तल सभासद प्रियांग जैन, अजय कुमार गर्ग, अजय कुमार गुप्ता, मनोज कुमार जैन, अतुल गोयल, सुधीर गर्ग आदि ने शपथ गृहण की। कार्यक्रम में लगभग 150 वैश्य बंधुओं ने भाग लिया, जिसने मुख्य रूप से अजय कैप्टन, प्रमोद बंसल, अशोक बंसल, विजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रमेश गुप्ता बुकमेन वाले, कुलदीप गोयल, नवनीन कुच्छल, सुभाष मित्तल, बबीता गुप्ता, विजय गुप्ता, विनोद पंसारी, मनोज गुप्ता, अमरीश मित्तल, राकेश गोयल आदि सम्मानित लोगों ने भाग लिया।




## भोपा में युवा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला प्रारंभ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**भोपा, 18 सितम्बर (बु.)।** युवा रामलीला कमेटी भोपा के तत्वावधान से प्रारंभ हुई रामलीला का जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और उपस्थित अतिथियों द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया, जिसके बाद रामलीला का मंचन प्रारंभ किया गया। भोपा के प्राथमिक विद्यालय में ब्रिटिशकाल से आयोजित की जा रही रामलीला का शुभारंभ विधि-विधान से हवन-यज्ञ के बाद रामायण पूजा के साथ हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ करते हुए कहा कि रामलीला का अपना एक अलग ही महत्व है। यह कार्यक्रम हमें मानवता तथा जीवन मूल्यों का अनोखा संदेश देने का कार्य करती है। आज के समय में लोगों में दिन-प्रतिदिन नैतिक मूल्यों का पतन देखने को मिल रहा है। हमें सत्य और धर्म को बढ़ावा देना है, तो प्रभु श्रीराम के पथ पर चलना होगा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भोपा तरुण कुमार ने कहा कि रामलीला हमें मानवता व जीवन मूल्यों का अनोखा संदेश देती है। भोपा में ब्रिटिशकाल से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति हरीश राठी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद से ही भोपा में होने वाली रामलीला का भव्य रूप देखने को मिल रहा है और धर्म प्रेमी रामलीला देखकर धर्म लाभ कमा रहे है। फीता काटने के बाद युवा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा व डायरेक्टर शुभम वत्स के संयोजन में कलाकार अंकित शर्मा, मनोज शर्मा, संजय प्रजापति, हनी वालिया, आशीष सैनी, अभिषेक, आदि कलाकारों ने शिव पार्वती संवाद व नारद मोह की रामलीला का मंचन किया। इस अवसर पर शुभम वत्स, नानक चंद वालिया, प्रदीप वालिया, ऋषिराज वालिया, कुणाल वालिया, अंकित शर्मा, अर्जुन, शैलेंद्र राठी, देवेंद्र राठी, संजय कोरी, राजकुमार, भारद्वाज, कंवरपाल मास्टर जी, ओमप्रकाश प्रजापति, विजय राठी, बालीराम जनेश्वर वालिया आदि मौजूद रहे।

## आजम खान की जेल से रिहाई में फंसा पेंच

### वकील बोले- रामपुर पुलिस ने 2 दिन पहले 3 धाराएं बढ़ाई

**रामपुर, 18 सितंबर (एजेंसी)।** सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे आजम खान को गुरुवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि उनकी रिहाई में पेंच फंस गया है। उन पर रामपुर में क्वालिटी बार पर कब्जे का आरोप है। आजम सीतापुर जेल में 23 महीने से बंद हैं। आजम के वकील इमरान उल्ला ने कहा, एक मामले में पुलिस ने कुछ धाराएं बढ़ा दी हैं। जिसकी वजह से आजम खान का जेल से अभी बाहर आना मुश्किल है। आपको बता दें कि आजम खान के दूसरे वकील मोहम्मद खालिद ने बताया- सोसाइटी की प्रॉपर्टी में क्वालिटी बार चल रहा था। सोसाइटी ने इसे खाली कराकर टेंडर किया। इसे आजम खान के बेटे और उनकी पत्नी के नाम पर मंथली अलॉट किया गया था। यह मामला 2013 का था, जिसमें 2019 में एफआईआर हुई थी। 2024 में आजम खान को मुल्जिम बनाया गया। हमने कोर्ट के सामने पक्ष रखा कि 10 साल बाद आजम को क्यों आरोपी बनाया गया। आजम खान पर आरोप था कि उन्होंने मंत्री रहते हुए पावर का इस्तेमाल किया। हमने दलील दी कि पूरा प्रोसेस फॉलो करने के बाद ही टेंडर दिया गया। इसमें कहीं भी पावर का मिसयूज नहीं है। वहीं अब इस मामले में वकील इमरान उल्ला ने बताया, रामपुर पुलिस ने थाना अजीमनगर में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े शत्रु संपति के केस में तीन धाराएं बढ़ा दी हैं। 20 सितंबर को रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में पेशी है। अगर इससे पहले हाईकोर्ट से रिहाई का परवाना सीतापुर जेल में पहुंच जाता है, तो आजम रिहा हो जाएंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो 20 सितंबर को पुलिस विवेचना की अपडेट रिपोर्ट कोर्ट में रखेगी।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## राहुल गांधी, चुनाव आयोग, अनुराग ठाकुर

राहुल गांधी ने कल फिर चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर आरोप लगाए। सांसद अनुराग ठाकुर ने और चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों नकार दिया। साथ ही कई भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को निशाने पर लिया। राहुल गांधी ने कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे जल्द 'वोट चोरी' पर सबूतों का एक 'हाइड्रोजन बम' लेकर आएंगे। इस बीच भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि वे 'हाइड्रोजन बम' फोड़ेंगे, लेकिन उनका हर दावा फुस्स हो जाता है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि वे 'हाइड्रोजन बम' फोड़ेंगे, लेकिन उनका हर दावा फुस्स हो जाता है। उन्होंने पहले कहा था कि भूकंप आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब वे बम की बात कर रहे हैं। मैं उनसे पूछता हूं कि वे हाइड्रोजन बम कब फोड़ेंगे? मुझे लगता है कि उनसे कुछ होने वाला नहीं है और हार का ठीकरा खुद पर न लेकर चुनाव आयोग पर थोपना चाहते हैं। इसलिए वे चुनाव आयोग को टारगेट करते हैं और घुसपैठियों को बचाने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी और चुनाव आयोग के बीच में वोट चोरी के आरोपों को लेकर तनाव गहराता जा रहा है। यानि जल्द ही यह तनाव खत्म हो जाएगा, क्योंकि राहुल के दावे फर्जी होते हैं। देश राहुल की बातों को गंभीरता से नहीं लेता। राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के आरोपों को लेकर की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब चुनाव आयोग ने फैक्ट चैक करके दिया। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह बेमतलब है बहाने न दें, बल्कि अलंद विधानसभा के कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए कर्नाटक सीआईडी के सामने सबूत पेश करें। राहुल गांधी ने दावा किया कि महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के वोट चोरी हुए हैं और टारगेट करके कांग्रेस वोटरों के नाम डिलीट किए गए हैं। राहुल गांधी ने प्रेजेंटेशन के पहले कहा कि ये हाइड्रोजन बम नहीं है। हाइड्रोजन बम आने वाला है। यह देश के युवाओं को यह दिखाने की कोशिश है कि चुनावों में कैसे हेराफेरी की जा रही है। इससे पहले बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी पार्टी वोट चोरी के मुद्दे पर और सबूत पेश करेगी। उन्होंने इस हाइड्रोजन बम बताया था। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के प्रेजेंटेशन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनके आरोप गलत और बेबुनियाद हैं। बीजेपी ने भी राहुल के आरोपों को गलत बताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर चुनाव आयोग के एक पोस्ट को रिट्वीट करके अपनी बात रखी। उन्होंने चुनाव आयुक्त पर निशाना साधते हुए लिखा, हमारे अलंद विधानसभा के उम्मीदवार द्वारा धोखाधड़ी का पदार्फाश करने के बाद स्थानीय चुनाव अधिकारी ने इस पर एक एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन सीआईडी जांच को मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा रोक दिया गया। उन्होंने आगे लिखा, कर्नाटक सीआईडी ने इन आरोपों की जांच के लिए पिछले 18 महीनों में 18 लेटर लिखकर इस मामले के लिए सबूत मांगे थे, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने उसे भी रोक दिया। राहुल ने लिखा कि अगर यह वोट चोरी पकड़ी नहीं जाती और 6,018 वोट हटा दिए जाते, तो हमारा उम्मीदवार चुनाव हार सकता था। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बहाने बनाना बंद करें, तुरंत कर्नाटक सीआईडी को सबूत सौंप दें। राहुल गांधी ने पहले कर्नाटक के लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान कथित तौर पर की गई गड़बड़ी के मामले में कुछ तथ्य उजागर किए थे। उसी के आधार पर उन्होंने बिहार में अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान बीजेपी और एनडीए पर जमकर प्रहार किए। यह यात्रा समाप्त होते ही उन्होंने ऐलान किया कि उनके पास 'वोट चोरी' के आरोप को साबित करने वाला 'हाइड्रोजन बम' है। यदि वास्तव में ऐसा है, तो वे इस 'हाइड्रोजन बम' को वे किस दिन के लिए बचाकर रखे हैं। इसे फोड़ते क्यों नहीं? चुनाव आयोग ने कहा है कि राहुल के आरोप गलत हैं। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये राहुल के दावों का खंडन किया है। चुनाव आयोग ने लिखा कि जैसा कि गलतफहमी फैलाई गई है, किसी भी आम नागरिक के वोट को ऑनलाइन डिलीट नहीं किया जा सकता। बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी संविधान को समझते हैं? वह सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए। क्या उन्होंने कोई ठोस कदम उठाया? वो कानून या सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को नहीं समझते। वह केवल 'संविधान, संविधान' चिल्लाते हैं। मुख्य बात साफ है अगर राहुल गांधी को वोट नहीं मिलते, तो हम क्या कर सकते हैं? वह नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके कुछ मूल्य होने चाहिएं, वह देश के मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। लोग उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देंगे। उनके सभी बम निष्क्रिय हो जाएंगे। वह किसी पर भरोसा नहीं करते। मैं उनकी निंदा करता हूं। हालांकि इससे पहले भी जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में फर्जी वोटरों के नाम जोड़ने का आरोप लगाया था, तो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनके आरोपों का जवाब दिया था। सांसद जगदंबिका पाल ने भी राहुल पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार 'वोट चोरी' का आरोप लगा रहे हैं। इससे पता चलता है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस पार्टी ने हार मान ली है। जगदंबिका पाल ने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि हाइड्रोजन बम हिरोशिमा और नागासाकी जैसा विनाश लाता है। क्या वे विनाश चाहते हैं? या विपक्ष के नेता होने के नाते, वे विनाश का सपना देख रहे हैं? या वे सिर्फ देश को धोखा दे रहे हैं? इससे साफ है कि वे बिहार में हार गए हैं। सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार चुनावी हार और जनता द्वारा खारिज किए जाने से हताश और निराश हैं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है, लेकिन जब इन्हीं आरोपों को साबित करने की बात आती है, तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं। ठाकुर ने कहा कि आरोप लगाने के बाद माफी मांगने और कोर्ट से फटकार खाने का काम राहुल गांधी का हो गया है। हर मामले में उनको फटकार ही लगी है। राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस पर तंज कसते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रेस कांफ्रेंस में हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे, फुलझड़ी से काम चलाना पड़ा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"जरूरत" "दुनिया" "मोहब्बत" "चाहत"

जरूरत कर सको पूरी, तभी आगे को चलना तुम,
जरूरत पर टिके रिश्तों की दुनिया में जरूरत है।
मोहब्बत और चाहत में, जरा सा भेद है प्यारे,
मोहब्बत अब नहीं मिलती जो मिलती है वो चाहत है।

# तीसरे दिन शक्ति प्रदर्शन होने के बाद हड़ताल समाप्त

- ईओ संग हुई वार्ता, चेयरपर्सन के आने पर मिलेगा रूका हुआ वेतन
- दूसरे कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन, फिर कराया समाधान

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका परिषद् में बीते तीन दिनों से वेतन विवाद समेत अन्य मांगों को लेकर चल रही हड़ताल गुरूवार में विभिन्न कर्मचारी संगठनों का समर्थन प्राप्त होने के साथ शक्ति प्रदर्शन करने में सफल साबित हुई। वहीं दूसरी ओर इस बेमियादी आंदोलन का नाटकीय ढंग से दोपहर बाद ईओ कक्ष में गिले-शिकवों के आदान-प्रदान के बीच पटाक्षेप हो जाने से भौकाल बनता तिलिस्म टूटता दिखाई दिया। पालिका ईओ की मौजूदगी में दूसरे संगठनों से आए नेताओं ने समर्थन देने के साथ ही ईओ के साथ वार्ता कराकर हड़ताल को भी समाप्त करा दिया। इस समझौते में सहमति बनी कि पालिका चेयरपर्सन के लौटने के बाद कर्मियों का रूका वेतन जारी करा दिया जायेगा। गुरूवार को भी टाउनहाल में स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के बैनर तले तीसरे दिन काम बंद हड़ताल करते हुए कर्मचारियों ने धरना दिया। इस बीच पालिका प्रांगण में पहुंचे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् के अध्यक्ष रविन्द्र नागर, राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष राहुल चौधरी, विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजीव शर्मा एवं उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ अध्यक्ष अम्मार हैदर, वरिष्ठ कर्मचारी नेता एलबीसी नरेन्द्र कुमार व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष चमनलाल ढिंगान ने धरना स्थल पर अपना समर्थन कर्मचारियों के आंदोलन को देते हुए पालिका प्रशासन को सोचने को विवश कर दिया।

उन्होंने धरने पर अपने संगठनों की ओर से समर्थन व्यक्त करते हुए पालिका प्रशासन द्वारा वेतन रोके जाने की कार्यवाही की निंदा की। वहीं पालिका कर्मियों ने भी आंदोलन को आरपार के संघर्ष के रूप में चलाने का ऐलान कर दिया। इस समर्थन से कर्मचारियों में नया जोश पनपा दिखाई दिया, लेकिन दोपहर बाद अचानक ही माहौल बदला और तुरंत वार्ता और तत्काल समाधान के बाद हड़ताल वापसी का ऐलान कर दिया गया। हुआ यूं कि पालिका पहुंचे दूसरे कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने धरने को समर्थन देने के बाद पालिका कर्मियों की बात सुनी तो पता चला कि मात्र वार्ता न होने के कारण हड़ताल लंबी खिंच रही है। इसके बाद उन्होंने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से उनके दफ्तर में जाकर मामला निस्तारण का प्रयास शुरू किया और करीब दो बजे स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन अध्यक्ष व महामंत्री सहित पालिका कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ईओ संग वार्ता के लिए तैयार हुआ। दूसरे संगठनों के कर्मचारी नेताओं की मध्यस्थता में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ में समझौता वार्ता चली।

इसमें दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी काफी देर तक चला। अंततः चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के शहर के बाहर से वापस आने के बाद यानि 22 सितम्बर के बाद वेतन जारी करा दिए जाने का ईओ ने सिर्फ आश्वासन दिया। इसके लिए उन्होंने संबंधित कर्मियों का वेतन बनाने के लिए आदेश पहले जारी होने की जानकारी भी संगठन को दी। संगठन के नेताओं ने दूसरे अनावश्यक मुद्दे उठाने का प्रयास किया, लेकिन उनको इससे यहां पहुंचे संगठनों के नेताओं ने रोक दिया गया। पालिका में संपन्न हुई समझौता वार्ता में एलबीसी नरेन्द्र कुमार, राजीव शर्मा, राहुल चौधरी, रविन्द्र नागर, चमनलाल ढिंगान के साथ पालिका शाखा अध्यक्ष ब्रजमोहन, सुनील वर्मा, मौ. सालिम, मोहन वैद, आकाश दीप, राजीव वर्मा, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

**इन्होंने कुछ यूं कहा...**

गुरूवार में समझौता वार्ता को लेकर स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के महामंत्री सुनील वर्मा व मंडल अध्यक्ष मौहम्मद सालिम ने कहा कि ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से दूसरे संगठनों के नेताओं की मध्यस्थता में सकारात्मक विचार हुआ और कर्मचारियों के हितों को लेकर संगठन द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर ईओ ने सहमति व्यक्त की। इसके बाद करीब साढ़े तीन बजे हड़ताल समाप्ति का ऐलान धरने पर पहुंचकर कर दिया गया। कर्मचारियों ने अपने दफ्तर खोले और विभागीय कार्यों में जुट गये।

**महामंत्री सुनील वर्मा व मंडल अध्यक्ष मौहम्मद सालिम**

**इन्होंने कुछ यूं कहा...**

**ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि वेतन मुद्दे पर कर्मचारी संगठन ने हड़ताल की थी, जिसको जारी करने के आदेश पहले ही दे दिये गये थे। आज कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों के साथ समझौता वार्ता हुई। इसमें बताया गया कि लेखाकार को आदेश दे दिये गये थे, अब चेयरमैन के वापस आने के बाद ही वेतन जारी हो पायेगा। इसी पर सहमति बनी और संगठन ने हड़ताल वापस ले ली है।**

**डॉ. प्रज्ञा सिंह** ईओ



## नोटिस वापसी व ऑडिट मुद्दे में अभी वेतन पर पेंच फंसा

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका परिषद् में स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ द्वारा बीते तीन दिनों की हड़ताल के बाद पालिका में मतभेद दूर होकर कामकाज के लिए स्थिति फिर से सामान्य हो गई। इसके साथ वेतन भी चेयरपर्सन के बाहर से वापस आ जाने के बाद मिल ही जायेगा। यह बात चेयरपर्सन 15 सितम्बर को कर्मचारियों को कहते हुए मौखिक भरोसा दे गई थी, लेकिन अगले दिन अचानक हड़ताल ने सभी को हतप्रभ सा कर दिया था। अब कहा जा रहा है कि सहमति बन गई। हड़ताल की दरी भी उठ गई, पर ऑडिट टीम की शिकायत पर वेतन पर लगी रोक और इस हड़ताल के दौरान लेखाकार प्रीति रानी के साथ एक लिपिक को दिए गए नोटिस, जन्म-मृत्यु पटल लिपिक राजीव वर्मा और गृहकर काउंटर के लिपिक अभिषेक उटवाल को दिए नोटिस को लेकर पेंच फंस कर रह गया है। गुरूवार दोपहर बाद हड़ताल के समाप्त होने के साथ संगठन महामंत्री सुनील वर्मा का कहना है कि उक्त नोटिस भी जल्द ही वापस होंगे, लेकिन इसके लिए हवा कुछ और चुगली कर रही है। नोटिस एक विधिक प्रक्रिया है, इसके लिए जिनसे जवाब मांगा गया है, उनको जवाब देना ही होगा। यह अलग बात है कि इस जवाब पर अधिकारी क्या निर्णय ले सकता है। यानि अभी कई कर्मियों की गर्दन अधिकारी की कलम के रहमो-करम के आधार पर फंसी है। इसमें एक तो खुद ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को वित्तीय अनियमितता में फंसाने जैसा गंभीर आरोप है। हालांकि ईओ द्वारा नोटिस जारी होने के बाद लेखाकार ने अपनी गलती पर्दे के पीछे मान भी ली है और उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक विचार का आग्रह किया है, उनका यह माफीनामा अभी विचाराधीन है, अब देखना यह होगा कि ऑडिट प्रकरण में दो अधिकारियों के साथ 10 कर्मचारियों का रूका वेतन और नोटिस का मसला भी सुलझ पाता है या नहीं।



# जिले में मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों की हुई समीक्षा

## - बैठक में औद्योगिक संस्थानों की सुरक्षा पर दिया विशेष जोर

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने गुरूवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संपन्न बैठक में मुख्य रूप से भूकंप, औद्योगिक, रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा विषयक मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों के औद्योगिक संस्थानों की बारीक जानकारी रखें और आने वाली आपदा की स्थिति में राहत कार्यों के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे हालातों में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को जहां 24 घंटे सक्रिय रखा जाए तथा टीम वर्क के माध्यम से ही आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। समीक्षा बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि आपदा प्रबंधन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की भूमिका अहम रही है, जिसके चलते जनपद में जनहानि काफी हद तक कम हुई है। उन्होंने बताया कि जनपद में उन्होंने बताया कि विगत 02 वर्षों में डूबने से 7, सर्पदंश से 3 व अतिवृष्टि से 2 मृत्यु हुई है। इसके साथ 100 आपदा मित्रों की टीम जल्द सक्रिय होगी। वहीं तहसील सदर में त्रिवेणी इंजीनियरिंग, जानसठ में डीएवी इंटर कॉलेज खतौली में तहसील मुख्यालय व बुढ़ाना में डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान पर मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। बैठक में एसएसपी संजय कुमार, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, एसडीएम सदर प्रवीण द्विवेदी, बुढ़ाना अपूर्वा यादव, खतौली राजकुमार भारती, जानसठ राहुल देव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार, डीएफओ राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे तीन दिन के भीतर जिले के सभी अस्पतालों का औचक निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि आपदा की स्थिति से निपटने की इस दौरान सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हैं। साथ ही तीन दिन के भीतर फायर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। बैठक में मुख्य रूप से बीएसए संदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल चौबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, सहायक अभियन्ता सिंचाई अनस अली, एआरटीओ प्रशासन सुशील कुमार, जिला पंचायत के एएमए योगेश कुमार, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, ईओ पुरकाजी मनीष वर्मा एवं राहत सहायक नासिर हुसैन आदि मौजूद रहे।




आवश्यकता है



सैनेट्री और पाईप की दुकान के लिए लड़के की आवश्यकता है।
-: सम्पर्क करें :-
9058882929
9761199905

# ड्रोन वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध से गहराया रोजी-रोटी का संकट

## - परेशान हुए ड्रोन संचालकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** शादी-विवाह के साथ ही अन्य सामाजिक आयोजनों में इस बार जनपद में ड्रोन कैमरों के उपयोग पर लगे प्रतिबंध से परेशान मुजफ्फर नगर ड्रोन सोसायटी के दर्जनों सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपेज्ञापन के माध्यम से राहत प्रदान कराने की मांग की। डीएम कार्यालय पर पहुंचे उक्त ड्रोन सोसायटी के सभी पदाधिकारियों ने बताया कि ड्रोन कैमरा वर्तमान परिवेश में आज आधुनिक वीडियोग्राफी की अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन हाल में लगाए गए प्रतिबंध के चलते हजारों ड्रोन वीडियोग्राफरों की आजीविका पर संकट गहरा दिया है। शादी समारोहों में ग्राहकों की बढ़ती मांग पूरी नहीं कर पाने से व्यवसाय ठप होने की स्थिति बन गई है। मुख्यमंत्री की भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ड्रोन उपयोग की अनुमति दी जाए। नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में ड्रोन संचालन के लिए फिर से राहत दिए जाने की मांग की। सोसायटी पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शासन स्तर से ड्रोन पर लगे प्रतिबंध से राहत मिल जाती है, तो हजारों परिवारों की रोजी-रोटी बचाई जा सकेगी और जनपद में फिर से आधुनिक वीडियोग्राफी सेवाएं सामान्य रूप से जारी रह सकेंगी। इस दौरान मुजफ्फरनगर ड्रोन सोसायटी के अनुज कुमार ने शासन-प्रशासन से ड्रोन कैमरों के बूते अपने घर-परिवार का भरण पोषण में लगे परिवारों की मदद हो सकेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ड्रोन कैमरों के फोटोग्राफर कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे।



गीता प्रेस पुस्तक केन्द्र

सभी धार्मिक पुस्तक मिलने का एकमात्र स्थान, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, अखण्डानंद, शिवानन्द, माँ शारदा, विवेकानन्द, ओशो, वेन्कटेशवर प्रेस, चौखम्बा, वेद पुराण उपनिषद, सभी पूजापाठ की सामग्री, भगवान के वस्त्र, राशि के रत्न, मूर्तियाँ, गीता भवन की आयुर्वेदिक दवाईयाँ- हार्ट, शुगर गुप्त रोग। सभी प्रकार मूर्तिया जैसे- अष्टधातु मूर्तियाँ, पीतल की मूर्तियाँ, मार्बल डूस्ट की मूर्तियाँ उपलब्ध है।



जन्म कुण्डली निःशुल्क दिखायें (केवल पुस्तक भण्डार पर)

71-सी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर M.:9412211970, 9389390762

# मूक-बधिर व मंदबुद्धि बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि प्रशिक्षण संस्थान में भारत विकास परिषद सम्राट शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष कमल गोयल, विपिन कुमार, रेनू गर्ग, सुनील सिंघल, संजय कुमार, रेखा गोयल आदि एवं संस्थान के अध्यक्ष इंजी. लोकेश चंद्रा, सचिव इंजी. आरके गोयल, सदस्य रामबीर सिंह, प्र.अ. बीएम शर्मा आदि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजन के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता कमल गोयल ने की। संस्थान के सचिव गोयल ने शाखा द्वारा समय-समय पर दिये जा रहे उनके सहयोग व योगदान पर धन्यवाद दिया। क्लब अध्यक्ष कमल गोयल व सुनील सिंघल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के बाद पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दिव्यांग बच्चों, शिक्षिकाओं एवं स्कूल स्टाफ को फल आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान प्रभारी उप मंत्री एनके गुप्ता, रामबीर सिंह, प्रधानाचार्य ब्रजमोहन शर्मा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे संस्थान के अध्यक्ष इं. लोकेश चंद्रा ने सभी उपस्थित लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।




# भैरो बाबा मंदिर को पक्का कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

## - कल्लरपुर-कछौली के ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** सदर तहसील के कल्लरपुर कछौली गांव के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुंच कर भैरव बाबा सिद्धपीठ मंदिर तक जाने वाली टूटी हुई सड़क को पक्की बनवाने की मांग की। गुरूवार को डीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने आने वाले दिनों में मंदिर प्रांगण में होने वाले भव्य भैरवाष्टमी महोत्सव के आयोजन और नगर मुख्यालय से गांव तक निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की दृष्टि से व्यवस्थित कराए जाने की मांग की। गुरूवार को डीएम कार्यालय पहुंचे श्री महाकाल बटुक भैरव एवं शनिदेव सिद्धपीठ मंदिर ग्राम कल्लरपुर कछौली के पुजारी ठा. नकली सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात की। ग्रामीणों ने डीएम को सौंपे पत्र में सदर तहसील के कल्लरपुर गांव में स्थित श्री महाकाल बटुक भैरव एवं शनिदेव सिद्धपीठ मंदिर में 10 नवम्बर से आयोजित होने वाले चार दिवसीय महोत्सव में होने वाली दिक्कतों की ओर डीएम का ध्यान आकर्षित करते हुए इस सिद्धपीठ तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टूटी सड़क को बनाए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से पवन पांचाल, कमल किशोर राणा, कुलदीप, अर्पित, अर्जुन नामदेव, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## ईडी ने आंध्र प्रदेश शराब घोटाले में कई राज्यों में की कार्रवाई

**अमरावती, 18 सितंबर (एजेंसी)।** गुरूवार को प्रवर्तन निदेशालय ने 3500 करोड़ रुपए के कथित आंध्र प्रदेश शराब घोटाले के सिलसिले में कई जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली-एनसीआर समेत 20 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद ने यह छापेमारी उन संस्थाओं और व्यक्तियों के ठिकानों पर की है, जिन्होंने फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए बिलों के जरिए रिश्वत के भुगतान में मदद की। कुछ आरोपियों से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है। इन बिचौलियों पर बेनामी फर्मों, फर्जी संस्थाओं और हवाला नेटवर्क के माध्यम से लगभग 3,500 करोड़ रुपए की हेराफेरी करने में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। विशेष जांच दल (एसआईटी), जो पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी शासन के दौरान हुए कथित शराब घोटाले की जांच कर रहा है, ने सोमवार को विजयवाड़ा के एसीबी कोर्ट में दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। एसआईटी ने चेविरेड्डी भास्कर रेड्डी, वेंकटेश नायडू, बलजी कुमार यादव और नवीन कृष्णा की कथित संलिप्तता को रेखांकित किया, जिसमें कहा गया कि उनके माध्यम से अवैध आय का शोधन किया। आरोपियों ने कथित तौर पर मध्यस्थ के रूप में कार्य किया और पैसे को शेल कंपनियों और बेनामी खातों में डायवर्ट किया।

# जिले की प्रतिभाओं को किया वीरेन्द्र वर्मा मंच ने सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच ट्रस्ट ने विभिन्न क्षेत्रों की करीब 220 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इनमें मुजफ्फरनगर और शामली जनपद के 200 मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ क्रीड़ा एवं अन्य क्षेत्रों की 20 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ पटेल नगर वृद्धाश्रम के 10 वयोवृद्ध नर-नारियों को भी नकद धनराशि व अंग वस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। पूर्व राज्यपाल स्व. वीरेन्द्र वर्मा के जन्मदिवस को महोत्सव के रूप में मनाते हुए गांधी कॉलोनी वर्मा पार्क स्थित चौ. चरण सिंह भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे हवन के साथ शुरू कार्यक्रम में प्रधानमन्त्री स्व. चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की गयी। तत्पश्चात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करने के साथ जिलाध्यक्ष देवी सिंह वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। यूपी बोर्ड परीक्षा के इण्टरमीडिएट के 35 तथा हाईस्कूल के 70 मेधावी छात्रों को तथा सीबीएसई में इण्टर के 25 तथा हाईस्कूल के 68 मेधावी छात्रों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, धर्मवीर बालियान जिलाध्यक्ष जाट महासभा, कुंवर देवराज पंवार, निरंकार स्वरूप, योगराज सिंह, प्रमोद त्यागी, दल सिंह वर्मा एवं डॉ. सुभाष शर्मा ने भी मंच से सम्बोधित करते हुए सभी प्रतिभाओं को आशीर्वाद दिया। मंच संचालन पं. उमादत्त शर्मा, संजीव मलिक, यशपाल सिंह विश्वबन्धु ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मानद संरक्षक रामपाल वर्मा, विजय कुश, गजेंद्र पाल, सुन्दरपाल सिंह, यशपाल सिंह, जितेन्द्र वर्मा, रजत वर्मा, महक सिंह, तेजपाल सिंह, सत्यवीर मलिक, सुदेश मलिक, वेद प्रकाश पंवार, जगदीश अरोरा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ओमकार अहलावत, प्रवेन्द्र दहिया, बिजेन्द्र सिंह, जियालाल शर्मा, कपिल देव पंवार, मनोज राठी, चन्द्रवीर सिंह, ऋषिपाल सिंह, ब्रजलाल अरोरा, विपिन, सतेन्द्र, कुलदीप सिवाच आदि मौजूद रहे।



# शासकीय अधिवक्ताओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

## - इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 30 सितम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

**मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर (बु.)।** विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन न्याय अनुभाग-3 (नियुक्तियों) लखनऊ के पत्र के अनुपालन में जनपद में शासकीय अधिवक्ताओं फौजदारी व दीवानी के रिक्त पदों के सापेक्ष पैनल गठित कर शासन को उपलब्ध कराया जाना है। उक्त शासनादेश के तहत इन पदों पर आबद्धता हेतु अधिवक्ताओं से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन पत्र कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर स्थित जेए/वाद सहायक पटल पर आगामी 17 से 30 सितम्बर अपरान्ह 03 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। इनमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी-4 पद, नामिका अधिवक्ता फौजदारी एक पद और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी के दो पदों पर आवेदन कर सकते हैं। डीएम उमेश मिश्रा की ओर से जारी विज्ञप्ति में स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों की आयु 01 जुलाई 2025 को 60 वर्ष या इससे अधिक होगी तथा जो पहले से किसी सरकारी या गैर सरकारी वैतनिक पद पर कार्यरत हो अथवा किसी कॉलेज में पूर्णकालिक प्रवक्ता, ओथ कमिश्नर, नोटरी, विवाह अधिकारी, एम्बिस क्यूरी, काजी या राजकीय आदाता के पद पर कार्यरत हो, के प्रार्थना-पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। शासकीय अधिवक्ता के पद पर नियुक्ति की यह शर्त होगी कि उसे किसी निजी प्रैक्टिस का अधिकार न होगा। सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति तय अवधि के लिए व्यवसायिक आबद्धता के रूप में की जायेगी एवं राज्य सरकार को किसी भी समय बिना कारण ही आबद्धता समाप्त करने का अधिकार होगा। इसके अलावा आवेदक गत तीन वर्षों के अन्दर अपने द्वारा किए कार्य का विवरण-पत्र सत्यापित व प्रमाणित प्रति सहित आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करेंगे। पिछले तीन वर्षों में विधि व्यवसाय की आप पर अदा किये गये आयकर की धनराशि का विवरण संलग्न करेंगे।

न चिट्ठी, न कोई संदेश, न जाने कौन सा देश जहां तुम चले गए
रहने को सदा दुनिया में आता नहीं कोई, तुम जैसे गई, ऐसे तो जाता नहीं कोई।

सोचा नहीं था कभी, वो साथ आपका छूटेगा,
जीवन भर का स्नेह बंधन, वो मंझधार में छूटेगा।
बड़ी आसान थी, जो जिंदगी की डगर तुम्हारे लिए,
बड़ी मुश्किल होगी, वह जिंदगी तुम्हारे बिन अब हमारे लिए।

Mar 04, 1949 — Sep 28, 2020



स्व. श्रीमती शशिकांता अग्रवाल
(सत्संग वाली अम्मा जी)

आपको हमारे बीच से गए पांच वर्ष हो चुके हैं, मगर हमारे बीच में आपके होने का अहसास आज भी वैसा का वैसा ही महसूस होता है। आपके सभी संस्कार (धार्मिक/सामाजिक) एवं प्यार को हमने अपने दिलों में संजोकर रखा है। आपके जाने का दुख शायद जीवन भर भी कम नहीं होगा। आज आपकी पंचम पुण्यतिथि पर परिवार के हम सभी लोग श्रद्धांजलि के रूप में आश्वस्त करते हैं कि हम आपके द्वारा दिए गए संस्कारों को आपकी यादों के रूप में उतार कर सदमार्ग पर सदैव आगे बढ़ते रहेंगे।

पंचम पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि

- सुभाष चंद्र अग्रवाल (पति) (से0 नि0, राज0 शिक्षा विभाग, मु0नगर)
- डॉ. संजय कुमार अग्रवाल (देवर) पत्रकार
- श्रीमति अंजू अग्रवाल (देवरानी)
- सुश्री आंचल अग्रवाल (भतीजी)
- डॉ. अभिषेक अग्रवाल (पुत्र)
- श्रीमति आकांक्षा अग्रवाल (पुत्रवधू)
- कु. आरोही अग्रवाल (पौत्री) एवं समस्त संबंधी व मित्रगण

श्रीमती शशि कांता स्मृति मंच
पूजा न्यूज़ & फीचर्स नेटवर्क
(न्यूज़ पोर्टल, सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया का विश्वसनीय संस्थान)
46 प्रेमपुरी, गांधी पार्क, (निकट ईदगाह), मुजफ्फरनगर सिटी, उ. प्र.
8755836835, 9837131872 www.shashikantatrust.in www.poojanews.com

# चमोली में कुदरत ने कहर बरपाया, बादल फटा, 9 लोग हुए लापता, 1 की मौत

**चमोली, 18 सितंबर (एजेंसी)।** चमोली के नंदानगर में बादल फटने से भारी तबाही हुई, जिसमें 10 लोग लापता हो गए। वहीं अब एक दु:खद सूचना कुंतरी गांव से सामने आई है। जहां लापता एक व्यक्ति का शव एनडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है। बाकी 9 लोगों की तलाश जारी है। चमोली में बीती बुधवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने नंदानगर घाट क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी है। रात 10 बजे से शुरू हुई बारिश के बाद देर रात करीब 2 बजे बिनसर महादेव क्षेत्र में पांच जगहों पर बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। इस आपदा में अब तक चार घायलों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। आपदा प्रभावित गांवों में कुंतरी में 27 परिवार, धुरमा में 120 परिवार और सेरा में 27 परिवार प्रभावित हुए हैं। पूरे क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक लोग इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं, ताकि प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। हरिद्वार में पहाड़ पर लैंडस्लाइड के कारण बार-बार रेलवे लाइन बाधित होने पर प्रशासन फिर हरकत में आया है। डीएम की संस्तुति पर बृहस्पतिवार को उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र यानी यूएलएमएमसी के भू वैज्ञानिकों ने लैंडस्लाइड जोन का निरीक्षण किया। भीम गोडा क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंचे भू वैज्ञानिकों ने यहां मिट्टी के सैंपल लिए। इस निरीक्षण के दौरान राजा जी टाइगर रिजर्व, पीडब्लूडी, स्थानीय प्रशासन और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। भू वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ का ये हिस्सा कच्ची मिट्टी और रेत का बना हुआ है। लिहाजा यहां भूस्खलन रोकने के लिए बड़े पैमाने पर परियोजना बनानी होगी। उन्होंने कहा कि इसको लेकर रेलवे के साथ भी चर्चा की जाएगी। आपको बता दें कि लगातार हो रही बारिश के चलते शिवालिक पर्वत पर लैंडस्लाइड की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे भीमगोडा, हर की पैड़ी जैसा भीड़-भाड़ वाला इलाका खतरे की जद में आ गया है।



## बागपत में पुलिस मुठभेड़, एक बदमाश घायल, गौकशी के उपकरण और हथियार बरामद, दो साथी फरार

**बागपत, 18 सितंबर (एजेंसी)।** बागपत में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। बिनौली थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बागपत एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि, बिनौली थाना पुलिस मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान तीन संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया, जिसकी पहचान शेखपुरा, थाना बिनौली निवासी नाजिम के रूप में हुई है। नाजिम गौकशी के मामलों में वांछित था।मुठभेड़ के दौरान नाजिम के दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसके अतिरिक्त, गौकशी के लिए लाया गया एक प्रतिबंधित पशु और गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी मौके से मिले हैं।घायल बदमाश नाजिम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# यूपी के 14 सीनियर आईएएस के ट्रांसफर, मुख्य सचिव से ज्यादा ताकतवर हुए दीपक कुमार

## अमृत अभिजात और मुकेश मेश्राम साइड लाइन

**लखनऊ, 18 सितंबर (एजेंसी)।** योगी सरकार ने गुरूवार को ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव किया है। 14 सीनियर आईएएस अफसरों के विभागों में फेरबदल किया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल से आईआईडीसी (इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर) और सीईओ यूपीडा का चार्ज हटा लिया गया है। अब उनके पास कोई विभाग नहीं रहेगा। ट्रांसफर सूची में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि प्रमुख सचिव बनने की दौड़ में प्रबल दावेदार रहे अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार मुख्य सचिव एसपी गोयल से ज्यादा ताकतवर अफसर बनकर उभरे हैं। वे 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। आमतौर पर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकअप, यूपीडा के सीईओ, समन्वय विभाग के अपर मुख्य सचिव और यूपीडास्प के परियोजना निदेशक का कार्यभार मुख्य सचिव के पास ही रहता है, लेकिन तबादला सूची में मुख्य सचिव एसपी गोयल से यह सभी पद लेकर वित्त विभाग के एसीएस दीपक कुमार को सौंपे गए हैं। शासन



के सेवानिवृत्त अधिकारी बताते हैं कि ऐसा लंबे अर्से बाद हो रहा है कि मुख्य सचिव के पास कोई विभाग नहीं रहेगा। आईएएस दीपक कुमार से बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का कार्यभार वापस लिया गया है, लेकिन उन्हें कृषि उत्पादन आयुक्त, वित्त विभाग के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकअप, यूपीडा के सीईओ, उपशा, समन्वय विभाग के अपर मुख्य सचिव और यूपीडास्प के परियोजना निदेशक का कार्यभार भी सौंपा गया है। बीते साढ़े आठ साल में यूपी की ब्यूरोक्रेसी में कोई भी इतना ताकतवर अपर मुख्य सचिव नहीं रहा है। शासन के कामकाज के लिहाज से दीपक कुमार, एसपी गोयल से भी वजनदार महकमों की कमान संभालेंगे। अगस्त 2022 से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की कमान संभाल रहे पार्थसारथी सेन शर्मा का तबादला बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पद पर किया है। शर्मा को विभाग में तीन साल से ज्यादा समय हो गया था, इसलिए उनका तबादला तय माना जा रहा था। इसी साल मई में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 1994 बैच के आईएएस अमित कुमार घोष का तबादला सचिवालय प्रशासन और पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव पद से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पद पर किया है। इसे घोष की मुख्य धारा में दमदार वापसी के रूप में देखा जा रहा है। बीते मंगलवार को जारी तबादला सूची में पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम से दो दिन पहले महानिदेशक का चार्ज लेकर राकेश कुमार-2 को दिया गया था। मुकेश मेश्राम को पर्यटन विभाग से हटाकर पशुपालन, दुग्ध विकास और मत्स्य विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। मुकेश मेश्राम और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की बीते कई महीनों से अनबन चल रही थी।

## अनिरुद्धाचार्य दरबार में फूट-फूटकर रोई मुजफ्फरनगर की महिला

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** वृंदावन में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के दरबार में मुजफ्फरनगर की महिला पति की प्रताड़ना से तंग आकर पहुंची। महिला ने बताया कि पति शराब पीकर आए दिन उसे पीटता है। पति ने जबरदस्ती उसे शराब पिलाने की कोशिश की। मना करने पर सिर पर कैंची मारी, धमकी दी कि मारकर शौचालय के कच्चे गड्ढे में दबा देगा। डर के मारे वह भागी, लेकिन 2 छोटे बच्चे घर पर ही छूट गए। अपनी पीड़ा सुनाते वक्त वह फूट-फूटकर रोने लगी। संत ने पूछा- पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दी? तो वह बोली- कई बार करनाल पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस कहती है कि घरेलू मामला है, खुद सुलझाओ। महिला ने रोते हुए कहा कि सरपंच और मायके वाले भी साथ नहीं दे रहे। इस पर अनिरुद्धाचार्य ने बॉलीवुड पर तंज किया। बोले- यह बॉलीवुड वाले शराब को बढ़ावा देते हैं। शराब की वजह से ही समाज में ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। पीड़ित मिथिलेश की शादी हरियाणा के करनाल जिले के रायसन में 8 साल पहले हुई थी। उनके 2 बच्चे हैं। महिला के आरोपों पर उसके पति या ससुरालवालों की प्रतिक्रिया नहीं आई है। महिला ने कहा कि मैं चाहती हूं कि आपके वीडियो के माध्यम से वे लोग मेरे पति की हरकतों के बारे में जानें। क्योंकि, जब शादी का रिश्ता लेकर आए थे तो उन्होंने झोली फैलाकर मांगा था। उस वक्त बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन शादी में जो गहने दिए गए थे, वे भी छीन लिए गए। किसी गरीब की लड़की को झोली फैलाकर मांगा जाता है और फिर उसे घर ले जाकर उसके साथ मारपीट की जाती है।



## खतौली के जंगल में पड़ा मिला नवजात

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** न जाने वे कौन से मां-बाप हैं तो बच्चे पैदा करते हैं, और निजी स्वार्थों और समाज में इज्जत बचाने के लिए उन्हें सड़क पर छोड़ देते हैं, वो भी ऐसे मासूमों को जिनकी अभी ठीक से आंख भी नहीं खुली। ऐसा ही एक मामला खतौली से सामने आया, जिसमें खतौली क्षेत्र के खानजहांपुर गांव के जंगल में नवजात शिशु दो महिलाओं को पड़ा मिला। मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने तत्काल बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां बच्चा बिल्कुल ठीक है।



# रोहित गोदारा ने एनकाउंटर का बदला लेने की दी धमकी, लिखा- वक्त लग सकता है, माफी नहीं

**बरेली, 18 सितंबर (एजेंसी)।** बरेली में बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटर्स का गाजियाबाद में एनकाउंटर कर दिया गया। दो शूटर्स अभी भी फरार हैं। इस एनकाउंटर के बाद अब रोहित गोदारा ने धमकी दी है। फेसबुक पर रोहित गोदारा नाम से बनी आईडी से एक पोस्ट किया गया, जिसमें एनकाउंटर में मारे गए दोनों शूटर्स को शहीद बताया। पुलिस अब रोहित गोदारा की पोस्ट की जांच कर रही है और इसे गंभीर मानते हुए सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'राम राम सभी भाइयों को मैं रोहित गोदारा। भाइयों आज जो एनकाउंटर हुआ है। ये हमारे लिये जीवन की बहुत बड़ी क्षति है। मैं आपको बता दूं, ये जो न्यूज चैनल वाले जो न्यूज चला रहे हैं। ये ना कि ढेर हुए हैं। ये ढेर नहीं शहीद हुए हैं। इन भाइयों ने धर्म के लिये अपना बलिदान दिया है। आगे लिखा है कि एक मुंह से तुम सनातन सनातन चिल्लाते हों और जो सनातन के लिये लड़ाई लड़े। उसको मार दिया जाता है। ये जितने भी सनातन धर्म का नाम लेकर घूम रहे हैं। ये सिर्फ अपनी रोटी सेक रहें हैं। ये एनकाउंटर नहीं सनातन की हार हुई है। धर्म के लिये लड़ने वालों को इस हिंदुस्तान में मार दिया जाता है। अगर तुम इतने सच्चे हो तो उठाओ मुद्दा। हमारे शहीद भाइयों को दिलाओ इंसाफ। बाकी मैं पूरे देश को बता देना चाहता हूं।




ये सनातन धर्म की आड़ में एक धंधा चला हुआ है। सभी देशवासी इनसे सावधान रहें। और हम अगर धर्म के लिए लड़ सकते हैं, तो हमारे शहीद भाइयों के लिए हम वो काम कर सकते हैं, जिसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इसमें जिसका भी हाथ है। वो चाहे कितना भी पैसें वाला हो या पावर वाला हो वक्त लग सकता है, माफी नहीं है। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर 12 सितंबर को तड़के साढ़े तीन बजे नौ राउंड फायरिंग की गई थी। बाइक सवार दो आरोपी फायरिंग कर भाग निकले थे। इनमें आगे बैठा युवक हेलमेट लगाए हुए थे। चर्चित अपराधी गोल्डी बरार के गुर्गे रोहित गोदारा की आईडी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर वारदात की जिम्मेदारी ली थी। इसमें स्वामी अनिरुद्धाचार्य व स्वामी प्रेमानंद पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गुस्सा जताया गया था। भविष्य में ऐसा करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिन शूटरों ने दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की थी। उन दोनों को यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने बुधवार शाम गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी में हुई मुठभेड़ में ढेर किया। दोनों बदमाशों ने पुलिस पर आधुनिक हथियारों से फायरिंग की थी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश मार गए।

# मूर्ति को बदलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, बोले-हम कुछ नहीं कर सकते, भगवान से कहिए वही कुछ करें

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के विश्व प्रसिद्ध जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुन:प्रतिष्ठा की मांग वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने इस याचिका को केवल प्रचार का हथकंडा बताया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहरों में बदलाव नहीं किया जा सकता, बल्कि उनका संरक्षण किया जाना चाहिए। सीजेआई बीआर गवई ने कहा, 'यह पूरी तरह से पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन है। जाइए और खुद भगवान से कहिए कि वे ही कुछ करें। आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं, तो प्रार्थना कीजिए और ध्यान कीजिए।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मूर्ति को बदला जा सकता है या नहीं, यह निर्णय केवल एएसआई (अर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) का काम है। राकेश दलाल नाम के याचिकाकर्ता का कहना है कि जावरी मंदिर की मूर्ति मुगल आक्रमण के दौरान खंडित हुई थी। आजादी के 77 साल बाद भी इसे पुनर्स्थापित नहीं किया गया है। सरकार की इस निष्क्रियता से श्रद्धालुओं के पूजा-अधिकार का हनन हो रहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि इसका पुनर्निर्माण जरूरी है। इस पर सीजेआई ने कहा, 'अगर आप शैव मत से परहेज नहीं करते तो वहां शिवलिंग की पूजा कीजिए। अर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के नियमों के मुताबिक, संरक्षित स्मारकों या मंदिरों में किसी भी मूर्ति को बदलना वर्जित है। इसका उद्देश्य उन धरोहरों की प्राचीनता और मौलिकता को बनाए रखना है। टूटी हुई मूर्ति भी उसी ऐतिहासिक महत्व की होती है और उसे संरक्षित किया जाता है।



## खालापार मर्डर मामला : नेताओं के संपर्क में फरार सभासद अन्नू कुरैशी

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** चाकुओं से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी के सहारे हत्यारोपियों तक पहुंचने में जुटी है। मंगलवार रात मोहल्ला फिरदौसनगर में बाइक से स्टंट करने के विरोध में अफसार निवासी फिरदौस नगर की सीने में चाकू घोपकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी साहिल, उसके चाचा सभासद अन्नु कुरैशी व दोस्त आवेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। आरोपियों की

**पुलिस अब सीसीटीवी में ढूंढ रही हत्यारोपी**

गिरफ्तारी के लिए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में तीन टीमों का गठन किया गया है। तीनों टीमें आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। उनकी रिश्तेदारी में भी कई स्थानों पर दबिश दी है। हालांकि तीनों आरोपी अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढे है। इस दौरान पालिका सभासद अन्नू कुरैशी ने कई नेताओं से संपर्क भी साधा है। जो पुलिस के जांच में एक अहम भूमिका निभा रही है। सभी आरोपी व उनके परिवार के लोगों के मोबाइल नम्बर भी बंद आ रहे है। थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान का कहना कि आरोपियों की तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया जाएगा।

**शेष : रिटायर्ड इंजीनियर को....**

ऋषिकेश कोतवाली, जनपद देहरादून व हरप्रीत सिंह उर्फ हर्ष निवासी पावर हाऊस चौक डोकरी घाटपारा थाना जद्दलपुर जनपद बस्तर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 39 सिमकार्ड, 21 एटीएम कार्ड,15 बैंक पासबुक, 13 मोबाईल, 3 चैक बुक, एक स्कूटी व साढ़े 99 हजार रुपए बरामद किए हैं। गिरोह का सरगना राजू निवासी भिलाई छत्तीसगढ हाल पता ऋषिकेश अभी फरार है, जिसके तार कई राज्यों के साथ कम्बोड़िया तक जुड़े हैं। साइबर क्राइम थाना पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# पत्नी के दसवें के दिन पति की मौत, बहराइच में नाव पलटने से तीन लोग नदी में डूबे, 11 घंटे बाद मिली लाशें

**बहराइच, 18 सितंबर (एजेंसी)।** बहराइच में पत्नी की दसवें के दिन पति की डूबने से मौत हो गई। वह अपने ममेरे भाइयों के साथ बुधवार रात में नाव से नदी पार कर रहे थे। अचानक नाव पलट गई और वे नदी में डूब गए। अगले दिन गुरुवार सुबह गोताखोरों ने नदी से शवों को निकाला। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना कैसरगंज क्षेत्र के निंदीपुर गांव का है। मरने वाले दो युवक लखनऊ के थे। दरअसल, मजरा ठाकुर पुरवा निवासी अजय (28) की 6 साल पहले आरती (25) से शादी हुई थी। इनका 4 साल का एक बेटा है। 7 माह की गर्भवती थी। अजय की पत्नी का लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत 10 दिन पहले हुई थी। बुधवार को उनका दसवां संस्कार था। इसमें शामिल होने अजय के ममेरे भाई गोपी निषाद (19) और अंकुश निषाद (16) लखनऊ के राजाजीपुरम से



बहराइच आए थे। रात करीब साढ़े 8 बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी बैठे थे। अजय, गोपी और अंकुश के साथ गांव के सरयू नदी में नाव की सैर करने चले गए। देर रात तक वापस न आने पर परिजन और ग्रामीण तलाश में जुटे। लेकिन, कुछ पता नहीं चला। रात में ही परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस रात में गांव पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों से लेने के बाद उन्हें ढूंढने के लिए नदी की तरफ गए। पुलिस ने डूबने की आशंका से गोताखोरों की मदद से तीनों की तलाश कराई, लेकिन देर रात तक तीनों नहीं मिले। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों को गोपी का शव घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर तैरता मिला। वहां से कुछ दूर आगे नाव और पतवार भी नदी से बरामद हुई है। पुलिस ने गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से तलाश जारी रखी। सुबह 11 अजय व अंकुश का भी शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में फंसा हुआ बरामद हुआ।

## मासूम भतीजी की रेप के बाद हत्या करने वाले फांसी की सजा, 50 हजार का अर्थदंड

**सीतापुर, 18 सितंबर (एजेंसी)।** रिश्ते की सात वर्षीय भतीजी को अगवा करके दुष्कर्म करने और मारकर शव सरायन नदी में फेंकने के मामले में पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने दोषी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। दोषी पर 50,000 का अर्थदंड भी बोला गया है। पॉक्सो एक्ट अदालत के आदेश को परीक्षण के लिए हाईकोर्ट भेज दिया गया है। नीतू ने रिश्ते की सात वर्षीय भतीजी को अगवा कर लिया था। इसके बाद उसे अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ने पर उसने बालिका को मारकर अपने एक सहयोगी की मदद से शव सरायन नदी में फेंक दिया। बालिका के पिता ने 14 जनवरी को मुकदमा लिखाया। पुलिस नीतू को कचनार चौराहे से गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर बालिका के जूते बरामद किए थे। नीतू को जेल भेजकर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। सुनवाई पॉक्सो एक्ट अदालत में चल रही थी। न्यायाधीश भगीरथ वर्मा ने सजा सुना दी।

## मैनपुरी में गैस टैंकर ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत

**मैनपुरी, 18 सितंबर (एजेंसी)।** भोगांव क्षेत्र में ससुराल से लौटते समय स्कूटी सवार पिता पुत्र को नेशनल हाईवे पर गुरूवार सुबह पीछे से आए अनियंत्रित गैस टैंकर ने रौंद दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद चालक टैंकर लेकर फरार हो गया। हादसे से वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। स्वजन की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने टैंकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मैनपुरी नगर के मुहल्ला चौथियाना निवासी 36 वर्षीय रंजीत राठौर बुधवार की शाम अपने 11 वर्षीय पुत्र ऋषभ के साथ बेवर क्षेत्र में स्थित अपनी ससुराल गए थे। जहां से पिता-पुत्र स्कूटी द्वारा गुरुवार सुबह साढ़े छह बजे के करीब वापस लौटकर आ रहे थे। जब स्कूटी भोगांव क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर अरमसराय के निकट पहुंची, तो ऋषभ को लघुशंका आई, जिस पर रंजीत ने सड़क किनारे स्कूटी रोक दी, तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अनियंत्रित गैस टैंकर ने स्कूटी को रौंद दिया। हादसे में टैंकर की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस बीच चालक टैंकर लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर भोगांव प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर स्वजन को घटना की जानकारी दी। स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक के भाई संतोष सिंह राठौर ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। इस संबंध में भोगांव प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टक्कर मारने वाले टैंकर चालक की तलाश कर रही है।

## 72 खातों में ट्रांसफर किए गए रिटायर्ड इंजीनियर से ठगी गई रकम

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस की जांच में सामने आया कि रकम मिलने के पश्चात इस धनराशि को अन्य प्रदेशों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड आदि राज्यों के बैंक खातों में पहले ट्रांसफर करते थे और बाद में निकालते थे। ये आरोपी उन लोगों के खातों को इस्तेमाल करते थे, जो जरूरतमंद थे और उन्हें कुछ पैसों का लालच देकर उनसे उनका एटीएम आदि ले लिया करते थे, जिसकी एवज ये लोह उनको 20 से 30 हजार रुपए भी दिया करते थे, जिनमें लाखों रुपए होने के चलते उनको सीज किया गया है।

# यूपी में 16 आईपीएस अफसरों के हुए तबादले, 10 जिलों के एसपी बदले

**लखनऊ, 18 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी में गुरूवार को 16 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इनमें 10 जिलों के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं।




पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जयप्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है। सपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार-।। को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। वहीं दूसरी तरफ आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, यूपी भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है।

## राहुल गाधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस : 18 महीने में 18 चिट्ठी लिखी, राहुल गांधी बोले-वोट चोरों को बचा रहे हैं सीईसी ज्ञानेश कुमार

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरूवार को एक पीसी को संबोधित कर रहे हैं। आज की पीसी में भी राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। राहुल गांधी ने इस पीसी में कहा कि वह सबूतों के साथ बात करेंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि सबूतों से सब साफ है। इस दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी कई आरोप लगाए। इसके साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि आने वाले समय में एच बम आएगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह हाइड्रोजन बम नहीं है, हाइड्रोजन बम आने वाला है। यह इस देश के युवाओं को यह दिखाने और स्थापित करने में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली की जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में अलंद एक निर्वाचन क्षेत्र है। किसी ने 6018 वोटों को हटाने की कोशिश की। हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में अलंद में कुल कितने वोट हटाए गए।

# अखिलेश यादव और बीजेपी पर बरसे स्वामी प्रसाद मौर्य, दोनों को बताया गुंडाराज का पोषक

**लखनऊ, 18 सितंबर (एजेंसी)।** गाजीपुर में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव और भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा निशाना साधा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, "दोनों एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं। दोनों गुंडाराज जंगलराज के पोषक हैं।" स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान उत्तर प्रदेश का सियासी पारा चढ़ा दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी सरकार में आज सबसे बड़ा कहर नौजवानों की नौकरी पर आया है। जब से बीजेपी सरकार आई है, तब से सरकारी नौकरियों में भर्ती बंद हो गई है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। साथ ही 2027 के चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज योगी सरकार गांव के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने पर आमादा है। गुजरात की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी कई सरकारी संस्थान निजी हाथों में देने की तैयारी है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार सभी मुद्दों पर फेल हो चुकी है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि जो कभी चाय बेचता था, वह आज देश बेचने पर उतारू हो गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के सभी बंदरगाह, एयरपोर्ट, एयर इंडिया, बहुतेरे रेलवे स्टेशन, कई दर्जन ट्रेनें, एलआईसी जैसी बड़ी संस्था अडानी अंबानी या कुछ मुट्ठीभर थैलीसाहों के हाथों में कौड़ियों के दाम पर बेचने का पाप किया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए हिंदू मुस्लिम की रट लगाये रहती है। सरकार अराजकता की भेंट चढ़ चुकी है। जंगल राज के लपेटे में बीजेपी के लोग भी आ रहे हैं। गाजीपुर में बीजेपी कार्यकर्ता की थाने में पिटाई से मौत इसी जंगलराज का दृष्टांत है। आगे कहा कि जब सत्ता पक्ष के लोग पीड़ित हैं, मारे जा रहे हैं, लाठी चार्ज के शिकार हो रहे हैं, तो आम लोगों का क्या हाल होगा अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इसीलिए अपनी जनता पार्टी ने तय किया है कि 2027 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की विदाई का चुनाव होगा। उन्होंने मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता संगीत सोम और भारतीय जनता पार्टी का गुणगान करने वाले रामभद्राचार्य जी यह आरोप लगा रहे हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश पाकिस्तान बन गया है, तो यह तो चुनौती है मोदी जी और योगी जी को, यानी मोदी जी योगी जी जो हिंदू धर्म के सबसे बड़े ठेकेदार बनते हैं, वह उत्तर प्रदेश को अराजकता में धकेल चुके हैं, उनका कोई कंट्रोल नहीं है।



## खंगाले गए खाते तो करोड़ों के हेर-फेर की बातें आई आगे, करीब 46 करोड़ की हुई ठगी

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** साइबर क्राइम पुलिस ने अपनी जांच में कई अहम जानकारी सांझा की जो वाकई चौंकाने वाली थी। एसएसपी बताया कि जिन बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई गयी। उनके बैंक खातों से अभी तक साढे 46 रुपए का लेनदेन हो चुके हैं। सभी बैंक खाते अलग-अलग राज्यों के है। आरोपियों ने अभी तक तीन दर्जन से अधिक मामलों में पीड़ितों को शिकार बनाया और करोड़ों रुपए की ठगी की। फिलहाल पुलिस इसकी नब्ज को टटोलने के बरामद मोबाइलों की जांच में जुट गई है।

## मादक पदार्थों की तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

**खतौली, 18 सितंबर (बु.)।** कोतवाली पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनसे लगभग चार किलो गांजा, नकदी व एक ई-रिक्शा बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार ऑपरेशन सवेरा को लेकर सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक विक्रान्त कुमार, अक्षय कुमार सहित नवीन कुमार, अंकित कुमार व प्रवीण कुमार पुलिस टीम द्वारा चेकिंग करने वाले गिरोह के राजेश पुत्र बिशम्बर निवासी गांव मटोर थाना दौराला तथा गौतम उर्फ भड़वा पुत्र नरेश निवासी गांव चंदसीना, थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर गिरफ्तार कर अभियुक्तों से 4 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा,तीन सौ रुपये नकदी सहित बिना नम्बर की एक ई-रिक्शा बरामद की है। कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# अपाचे बाइक उस पर सवार 4 दोस्त, बर्थडे पार्टी कर लौट रहे थे घर, रफ्तार ने ले ली चारों की जान

**प्रयागराज, 18 सितंबर (एजेंसी)।** प्रयागराज में बाइक सवार 4 दोस्तों की हादसे में मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर खून फैल गया और मांस के टुकड़े इधर-उधर फैल गए। मौके पर ही 3 दोस्तों की मौत हो गई, वहीं एक दोस्त ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार हादसा इतना भयंकर था कि चारों दोस्त सड़क पर बिखर गए। जानकारी के लिए आपको बता दें कि तेज रफ्तार बाइक सड़क के पास लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। चारों को तुरंत एसआरएन अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। वहीं 3 दोस्तों ने रात में ही दम तोड़ दिया और चौथे दोस्त ने की सुबह मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, तेलियरगंज के रहने वाले शनि गौतम (16), गोलू (17), आदर्श (18) और आशुतोष (24) गहरे दोस्त थे। बुधवार को गोलू का



बर्थडे था। इसके बाद चारों दोस्तों ने पार्टी का प्लान बनाया। गोलू के घर में चारों ने केक काटा। इसके बाद चारों अपाचे से कटरा में रावण की शोभायात्रा देखने जा रहे थे। बाइक आशुतोष चला रहा था। ओल्ड कैंट स्कूल के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर में लगे खंभे से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइट बंद थी। आदर्श भारत स्काउट एंड गाइड स्कूल में 12वीं में पढ़ाई करता था। वह घर का इकलौता बेटा था। उसके पिता अनिल कुमार की एक्सीडेंट में एक साल पहले मौत हो चुकी है। गोलू के पिता सुदामा गौतम मजदूरी करते हैं। शनि 10वीं पढ़ता था। उसके पिता संजय गौतम ई-रिक्शा चलाते हैं। आशुतोष तेलियरगंज में नारियल पानी का ठेला लगाकर परिवार का खर्च चलाता था। शिवकुटी थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने बताया- प्रथम दृष्टया बाइक बिजली के खंभे से टकराने से हादसा हुआ है। घटनास्थल के सीसीटीवी खंगाले जा

## किशोरी से छेड़छाड़ में युवक को तीन साल की सजा मुकर्रर

**मुजफ्फरनगर, 18 सितंबर (बु.)।** खेत में गोबर डालने गई किशोरी को बुरी नीयत से खींचने और छेड़छाड़ करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा व 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। डीजीसी राजीव शर्मा ने बताया कि सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव धंधेड़ा में 26 सितम्बर 2017 को 15 वर्षीय किशोरी घर से खेत में गोबर डालने के लिए गयी थी। बीच रास्ते में आरोपी संदीप निवासी धंधेड़ा ने किशोरी को जबरदस्ती ईंख के खेत में बुरी नीयत से खींचकर छेड़छाड़ की। जब किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी ने किशोरी को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ तुरन्त मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। इस मामले की सुनवाई विशेष कोर्ट पोक्सो की न्यायाधीश मंजुला भलोटिया की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात आरोपी को तीन साल की सजा व 25 हजार रुपए का अर्थदंड का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश कोर्ट ने दिए हैं।

# 18 साल की बेटी को खींच ले गया बाघ

**सीतापुर, 18 सितंबर (एजेंसी)।** सीतापुर में मां-बहन के सामने 18 साल की लड़की को बाघ खींच ले गया। दोनों चिल्लाते हुए पीछे-पीछे दौड़ीं। आवाज सुनकर ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बाघ जबड़े में दबाकर लड़की को लेकर भाग चुका था। गुरूवार सुबह 5 बजे लड़की अपनी मां-बहन के साथ खेत में काम कर रही थी। तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने अटैक किया। बाघ के हमले की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। 600 लोगों की टीम 6 घंटे से तलाश में जुटी है, लेकिन लड़की का कहीं पता नहीं चला है। टीम ने अब ड्रोन कैमरे मंगाए हैं। 10 किमी. एरिया में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा। घटना मछरेहटा थाना के राठौर पुरवा गांव की है। राठौर पुरवा के रहने वाले रामसरन की बेटी कामिनी (18) सुबह अपनी मां प्रेमा और छोटी बहन दामिनी के साथ खेतों में गई थी। मां ने बताया- वहां बाघ पहले से छिपा था। अचानक उसने हमला कर दिया। मैं डर गई। मैं और छोटी बेटी घर की तरफ भागे, लेकिन बड़ी बेटी भाग नहीं पाई। मेरी आंखों के सामने बाघ ने कामिनी पर झपट्टा मारा। उसे जबड़ों में दबाकर झाड़ियों में खींच ले गया। हम चिल्लाते रहे। इतने में गांव वाले आ गए, लेकिन तब तक बाघ बेटी को खेतों की तरफ खींच ले गया था। ड्रोन से सर्चिंग, जाल और पिंजरे लगाए बाघ अटैक की सूचना पर वन विभाग के 28 लोग गांव पहुंचे। इसके अलावा पुलिस विभाग से सीओ, 5 दरोगा समेत 8 पुलिसकर्मी भी आ गए। इसके बाद 550 से अधिक ग्रामीणों के साथ सर्च अभियान की शुरूआत हुई। 10 किमी एरिया में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। 2 ड्रोन से सर्चिंग की जा रही है। जगह-जगह जाल और पिंजरे लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण लाठियों से झाड़ियों में फटकार रहे हैं। उनका कहना है कि कुछ दिनों से क्षेत्र में बाघ दिख रहा था। हम लोगों ने वन विभाग से इसकी शिकायत की थी, लेकिन अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया।